हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री


2 एसजीजीयू ने शासन को भेजा 24 विषयों का प्रस्ताव




## खबर संक्षेप

### शिक्षक पालक बैठक कल

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में शिक्षक पालक बैठक का आयोजन 8 अगस्त को आयोजित किया जाना है, इसके लिए सभी संस्था प्रमुखों को आवश्यक व्यवस्था करने के साथ शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों के साथ बच्चों के पालकों को पूर्व सूचना देकर शाला स्तर पर शिक्षक पालक बैठक का आयोजन करना है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा गुणवत्ता एवं बच्चों के पढ़ाई को लेकर पालकों व समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बैठक का आयोजन किया जाना है। उक्त बैठक में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने के निर्देश है। बैठक में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर बच्चों के पढ़ाई की प्रगति से अवगत कराना एवं बच्चों के भविष्य की संभावनाओं का ऑकलन कर पालकों के साथ समन्वयक स्थापित करने के लिए पालक शिक्षक बैठक आयोजित करना है, इसके लिए जिलेभर के विद्यालयों में 8 अगस्त को शिक्षक पालक सम्मेलन किया जाना है। जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में पालक शिक्षक प्रथम मेगा बैठक 8 अगस्त को, दूसरा बैठक 13 अक्टूबर तथा तीसरा बैठक 19 जनवरी 2026 में आयोजित करने के आदेश जारी किए गए हैं।


### जगराता कार्यक्रम का आयोजन कल

**बैकुण्ठपुर।** दक्षिणाभिमुखी श्री हनुमान सेवा समिति बिशुनपुर के तत्वाधान में श्रावण माह के पावन अवसर पर 8 अगस्त को जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संबंध में उक्त सेवा समिति के उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार राजवाडे ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम बागेश्वरी जागरण मंच के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। जगराता कार्यक्रम 8 अगस्त को सायं 7 बजे हाईस्कूल प्रांगण बिशुनपुर में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर विशाल भोग भंडारा कार्यक्रम भी है। इस अवसर पर अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

### विकलांगता प्रमाण पत्र की जांच की मांग

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। पूर्व जनपद सदस्य रामनरेश पटेल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर संबंधित के विकलांगता प्रमाण पत्र की जांच कराने की मांग की है। इस गंभीर आरोप के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई है और अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार और प्रशासन इस पर क्या रुख अपनाते हैं।

### अब तक 710.9 मिमी वर्षा दर्ज



**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 1.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 920.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 5 अगस्त तक जिले में कुल औसत 710.9 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 769.1 मिमी, खड़गवां में 580.4 मिमी, चिरमिरी में 666.7 मिमी, केल्हारी में 558.1 मिमी, भरतपुर में 770.9 मिमी और कोटाडोल में 920.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## सड़क पर उतरकर जताया विरोध, पेयजल की किल्लत से सभी हैं परेशान

# पानी के लिए वार्डवासियों ने किया चक्काजाम



सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करते वार्डवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

एमसीबी जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 9 में जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। मूलभूत सुविधा के लिए तरसते वार्डवासी आखिरकार शुक्रवार को सड़कों पर उतर आए और सोनमणी नाका पर चक्का जाम कर दिया। यह रास्ता एसईसीएल की कोल ट्रांसपोर्टिंग का मुख्य मार्ग है, जिसे जाम कर लोगों ने अपना गुस्सा जाहिर किया।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 9 में पीने व निस्तार के लिए पानी की आपूर्ति एसईसीएल की बंद खदानों से की जाती है। लगभग एक माह पूर्व पंप का मोटर खराब हो गया, जिसकी मरम्मत अब तक नहीं हो पाई। वार्डवासी बार-बार एसईसीएल कार्यालय और अधिकारियों के चक्कर काटते रहे, लेकिन समाधान नहीं हुआ। बीच में एक नई मोटर लाकर दी गई, लेकिन जांच में वह भी खराब निकली। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस वार्ड में अब तक पीएचई की पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है, जबकि नगर निगम और पीएचई विभाग द्वारा चिरमिरी में नल-जल योजना के तहत 50 करोड़ रूपए से अधिक खर्च किए जा चुके हैं, फिर भी वार्ड 9 के गेल्हापानी क्षेत्र तक पानी नहीं पहुंच सका। एसईसीएल सब एरिया मैनेजर अरूण सिंह चौहान ने कहा कि गेल्हापानी की पानी की समस्या दूर हो जाएगी। मोटर बन गई है, तत्काल फिटिंग कर व्यवस्था बहाल करने के निर्देश दे दिए गए हैं। आज से पानी मिलने लगेगा। स्थानीय लोग अब प्रशासनिक कार्रवाई के असर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वहीं नगर निगम व पीएचई की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

### जल संकट गंभीर समस्या

महिलाओं व पुरूषों ने मिलकर सोनमणी नाका पहुंचकर कोल परिवहन, निजी वाहन, बस और दोपहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी। मौके की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी चिरमिरी अपनी टीम के साथ पहुंचे और लोगों से समझाइश का प्रयास किया। कुछ ही देर में एसईसीएल के सब एरिया मैनेजर अरूण सिंह चौहान भी मौके पर पहुंचे और आश्वासन दिया कि मोटर बन चुकी है, उसे तत्काल फिट कर पानी की आपूर्ति शुरू की जाएगी।





# बुड़ार आंगनबाड़ी की हालत खराब, नौनिहाल परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के कई आंगनबाड़ी केन्द्रों में नौनिहालों के लिए अच्छी हालत एवं साफ-सुथरे शौचालय की कमी हैं। विभागीय अधिकारी आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचते हैं तो वे भी खराब शौचालय की ओर ध्यान नहीं देते। यही कारण है कि जिले के कई स्थानों पर संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र के शौचालय बदहाल हालत में पडे हैं। इसी तरह का हाल जनपद बैकुंठपुर के ग्राम बुडार के एक आंगनबाड़ी केन्द्र को देखने को मिला, जो मुख्य मार्ग पर स्थित है।

मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर जनपद के ग्राम बुड़ार के जामपारा आंगनबाड़ी केन्द्र का शौचालय खराब हालत में पड़ी हुई हैं, जिससे शौचालय का उपयोग नहीं हो रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र आने वाले बच्चों के लिए अच्छी हालत में शौचालय नहीं उपलब्ध होने के कारण बच्चे खुले में यूरिन के लिए जाते हैं। महीनों से यहां का शौचालय बदहाल पड़ा हैं, इसके सुधार कार्य करने की दिशा में पहल नहीं की गई। उपेक्षा के कारण ही नौनिहालों को शौचालय सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्य मार्ग किनारे स्थित जामपारा के आंगनबाड़ी तीनों ओर खेत हैं, केन्द्र का परिसर छोटा सा है, बावजूद इसके शौचालय मरम्मत को लेकर विभागीय अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। इस तरह की हालत कई अन्य जगहों के आंगनबाड़ी केन्द्रों की बनी हुई है।

### आदर्श शौचालय भी बदहाल

कोरिया जिले के ब्लाक अंतर्गत कई जगहों पर आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में आदर्श शौचालय लाखों रूपए खर्च कर पूर्व में बनाए गए थे, इनमें से कई जगहों के आदर्श शौचालय भी देख-रेख के अभाव में बदहाल हो गए हैं।

### स्कूली शौचालय की भी स्थिति ठीक नहीं

कोरिया जिले में संचालित कई विद्यालयों के शौचालय भी बदहाल स्थिति है, जबकि स्कूल शौचालय के मरम्मत के नाम पर कई बार राशि जारी हुई, लेकिन शौचालयों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाया। आज भी जिले के कई विद्यालयों के शौचालयों में साफ-सफाई का अभाव है, वहीं कई स्कूलों के शौचालय काम चलाउ उपयोग लायक हैं।

## मंदिरों में अतिक्रमण की आशंका, विहिप बजरंग दल ने उठाई सीमांकन की मांग

**मनेन्द्रगढ़।** जनकपुर-भरतपुर क्षेत्र के ऐतिहासिक और आस्था के केन्द्र माने जाने वाले तीन प्रमुख मंदिरों चांग माता मंदिर भगवानपुर, कैलाश मंदिर भरतपुर और हनुमान मंदिर जनकपुर में अतिक्रमण की आशंका को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने प्रशासन से तत्काल सीमांकन कर अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष नवीन शर्मा, बजरंग दल के प्रखंड संयोजक राकेश वर्मा, गौरक्षा प्रमुख शुभम सिंह, अखाड़ा प्रमुख अमर दीप गुप्ता एवं प्रखर मंत्री विश्व हिंदू परिषद ने भरतपुर अनुविभागीय दंडाधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि मंदिरों की भूमि का सीमांकन गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि मंदिरों की भूमि पर अगर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण हुआ है, तो उसे तुरंत हटाया जाए और धार्मिक कार्यों में प्रयोग के लिए भूमि को संबंधित मंदिर समिति को सौंपा जाए। यह विषय सामान्य प्रशासनिक कार्रवाई से अधिक धार्मिक आस्था और जनभावनाओं से जुड़ा हुआ है। पदाधिकारियों ने भी कहा कि मंदिर परिसरों की भूमि पर स्पष्टता होने से भविष्य में इन स्थानों पर धार्मिक आयोजनों, सेवा कार्यों और सार्वजनिक उपयोग में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

## हर घर स्वच्छता अभियान में दिखा देशभक्ति का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर तीन चरणों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिले के दूरस्थ ग्राम रामगढ़, सिंघोर और कछाड़ी में देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

स्कूलों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ तिरंगा रैली निकाली। हाथों में राष्टीय ध्वज और देशभक्ति नारों के साथ बच्चों ने गांव की गलियों और मुख्य मार्गों पर रैली निकालकर देश के प्रति प्रेम और गौरव का भाव व्यक्त किया। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन्होंने न केवल देश के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की, बल्कि स्वच्छता को भी अपनाने का संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य हर नागरिक के मन में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और उन्हें अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही यह अभियान स्वच्छता को भी एक राष्टीय कर्तव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान तीन चरणों में संचालित हो रहा है। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तथा तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक चलेगी। जिलेभर में इस अभियान को लेकर स्कूली बच्चों, युवाओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



## चिरमिरी में विकास कार्यों के लिए 6 करोड़ से ज्यादा स्वीकृत



**बैकुंठपुर।** छग नगरीय प्रशासन विभाग ने राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 6 करोड़ 18 लाख 72 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से यह स्वीकृति चिरमिरी नगर पालिक निगम क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए दी गई है। इन कार्यों में वार्ड क्रमांक 7 में कोरिया कॉलरी शाखा शिवमंदिर के पास विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य लागत 3 करोड़ 56 लाख 76 हजार, अटल परिसर से मालवीय नगर तक पोड़ी वेस्ट चिरमिरी में सड़क चौड़ीकरण कार्य लागत 69 लाख 19 लाख तथा अहिंसा चौक हल्दीबाड़ी से अग्रसेन चौक बड़ा बाजार तक सड़क चौड़ीकरण कार्य लागत 1 करोड़ 92 लाख 77 हजार रूपए शामिल हैं। स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से जिले के सभी क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और नए विकास कार्यों की मंजूरी भी मिल रही है। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनांतर्गत मिले इन विकास कार्यों के लिए स्वास्थ्य मंत्री, उपमुख्यमंत्री अरूण साव तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार प्रकट किया है।

## मानस भवन में सावन महोत्सव का आयोजन





**बैकुण्ठपुर।** वी क्लब उड़ान के द्वारा बीते दिना मानस भवन में सावन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत उपरांत नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी कराया गया, इसके पश्चात सावन महोत्सव उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा रंगारंग गीत एवं नृत्य की प्रस्तुती देकर कार्यक्रम को उत्साह से भर दिया। विभिन्न तरह के गीतों व नृत्य से खुशनुमा माहौल बन गया था। इस अवसर पर करमा नृत्य मंडली के द्वारा भी गीत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष बलजीत कौर, उपाध्यक्ष मंजू जिवनानी, सीमा पांडे, रेखा अग्रवाल, सचिव मधु गुप्ता, कोषाध्यक्ष क्षमा बड़ेरिया, रानी बड़ेरिया, रूची बड़ेरिया, मनीषा किरण व मीडिया प्रभारी कुलविंदर कौर के साथ वी क्लब के सदस्य काफभ् संख्या में शामिल रहे।

## एमएमयू के जरिए पीलिया प्रभावित इलाके में शिविर



**मनेन्द्रगढ़।** रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा चिरमिरी क्षेत्र में पीलिया से प्रभावित लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सराहनीय पहल की जा रही है। सोसायटी की मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से प्रभावित इलाकों में पहुंचकर रोगियों को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता प्रदान की जा रही है। पीलिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए रेडक्रॉस की टीम द्वारा क्षेत्रीय लोगों की स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक उपचार, दवाइयों का वितरण तथा रोग की रोकथाम संबंधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। टीम में शामिल चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर मरीजों की स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं और गंभीर मामलों को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रेफर किया जा रहा है। रेडक्रॉस की इस पहल से प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों को न केवल समय पर इलाज मिल रहा है, बल्कि बीमारी को फैलने से रोकने में भी मदद मिल रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन ने रेडक्रॉस की इस त्वरित और जनसेवी कार्रवाई की सराहना की है। रेडक्रॉस सोसायटी ने आमजन से अपील की है कि किसी भी तरह के पीलिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत मोबाइल यूनिट या निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें, साथ ही स्वच्छ पेयजल एवं व्यक्तिगत सफाई का विशेष ध्यान रखें।

## नगर पालिका परिषद में दीदियां सम्मानित





**बैकुण्ठपुर।** शहर की सफाई व्यवस्था में जुडे स्वच्छता दीदीयों एवं श्रमिकों को 6 अगस्त को नपा परिषद बैकुंठपुर के सभाकक्ष में नपाध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, उपाध्यक्ष, पार्षद अनिल खटिक, सीएमओ संजय दुबे एवं नपा कर्मियों की उपस्थिति में आवश्यक सामग्री वितरण की गई। साथ ही इसी दिन कचरा कलेक्शन के लिए नई वाहन को नपाध्यक्ष-उपाध्यक्ष द्वारा हरीझंडी दिखाकर रवाना किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नपा कार्यालय के सभाकक्ष में बीते दिनों डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों को साडी, ग्लब्स, एप्रोन प्रदान किया गया तथा स्वच्छता के कार्य में लगे श्रमिकों को टी शर्ट लोवर प्रदाय किया गया।

# श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकली कांवर यात्रा

**चरचा कॉलरी।** कोयलांचल क्षेत्र के चरचा कॉलरी में श्रावण मास के पवित्र अवसर पर भव्य कांवर यात्रा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। वार्ड क्रमांक 13 स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से छठघाट तक यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने छठ घाट से जल भरकर मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

यात्रा मार्ग में बोल बम के जयकारों और भक्तिमय झूमते श्रद्धालुओं से वातावरण शिवमय हो गया। चरचा क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने कलश उठाकर यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का मार्ग राजदान रोड, नेपाल गेट, महाराणा प्रताप चौक, अंबेडकर नगर, सुभाष नगर और विवेकानंद चौक से होते हुए छठ घाट तक रहा। इस दौरान मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भव्य जलाभिषेक किया गया। कांवर यात्रा न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक रही, बल्कि सामाजिक एकता और सौहार्द की मिसाल भी बनी। इसमें सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा की सफलता में पुलिस प्रशासन, नगर पालिका, स्वयंसेवकों और मंदिर समिति की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस ने पूरे मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए, वहीं नगर पालिका ने पीने के पानी सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की। स्वयंसेवकों ने मार्गदर्शन और श्रद्धालुओं की सेवा में सहयोग किया।



## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, लगेंगे शिविर

**बैकुण्ठपुर।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत छग राज्य में आम नागरिकों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिला एवं संभाग स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 7 से 13 अगस्त तक चरणबद्ध रूप से विभिन्न जिलों में लगाए जाएंगे।

इस योजना के तहत नागरिकों को सौर ऊर्जा संयंत्र अपने घर की छत पर लगाने के लिए आर्थिक सहायता, सब्सिडी और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। शिविरों में लोगों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। साथ ही इच्छुक लाभार्थियों को मौके पर ही पंजीयन में भी सहायता की जाएगी। कोरिया जिले में 11 अगस्त को कुमार चौक बैकुंठपुर तथा 12 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर, बैकुंठपुर में आयोजित किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक यह योजना पर्यावरण संरक्षण, बिजली खर्च में बचत और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

### कार्यों का होगा सामाजिक अंकेक्षण

**बैकुण्ठपुर।** पारदर्शिता और जनहितकारी योजनाओं में जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से कोरिया जिले में महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का सोशल ऑडिट (सामाजिक अंकेक्षण) किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर 4 अगस्त से सोनहत और बैकुंठपुर विकासखंड की आठ-आठ ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सोशल ऑडिट टीमों का गठन कर उन्हें नियत तिथि पर संबंधित पंचायतों में पहुंचकर कार्यों की जांच करने और तत्पश्चात ग्राम सभाओं का आयोजन कर ऑडिट रिपोर्ट पर चर्चा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान विवाद की स्थिति, लौटना पड़ा वापस

**अंबिकापुर।** सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को पुनः स्मार्ट मित्र लगाने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। शासन ने यह नीति निर्धारित की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह उपभोक्ता के इच्छा पर है कि वो चाहे तो स्मार्ट मीटर लगवाये अथवा पुरानी व्यवस्था को चुने। स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक बिलिंग की ठोस शिकायत और भविष्य में प्रीपेड बिलिंग की जानकारी के कारण ग्रामीण स्मार्ट मीटर की व्यवस्था को अपनाने को तैयार नहीं हैं। पूर्व में भी दरिमा क्षेत्र में इसे लेकर ग्रामीणों और स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों में टकराव की स्थिति बन चुकी है। मंगलवार को दरिमा में ठेका कर्मचारी ग्रामीणों की सहमति के बगैर उनके घरों में मीटर बदल स्मार्ट मीटर लगा रहे थे जिससे तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। इस बात की सूचना पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता और दरिमा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती वायु सिंह मौके पर पहुंचे और विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर मीटर बदलने के काम को रुकवाया।

### इंडक्शन प्रोग्राम में नवप्रवेशियों को दिए गए टिप्स




**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में स्नातक नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी पुलिस जयंत थोरात ने कहा कि अनुशासन, लगन और परिश्रम से प्रत्येक सफलता हासिल होती है, इसमें शिक्षा का सबसे बड़ा योगदान है। आप ज्ञानार्जन में पूरी क्षमता लगाएं, अभिभावक और गुरू आपके साथ है। उन्होंने आधुनिक संसाधन और डिजिटल दुनिया का उपयोग सावधानी से करने की सलाह दी। शासी निकाय के सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि अभिभावक और श्रेष्ठ शिक्षकों की टीम नयी पीढ़ी की बुनियाद को मजबूत करेगी। यह परिसर आपको जिंदगी के नये आयाम देगा। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से विद्यार्थियों के लिए अवसर बढ़े हैं। इस दौरान उन्होंने ये तो सच है कि भगवान है गीत प्रस्तुत किया। डॉ.आरएन शर्मा ने नये पाठ्यक्रम कोर्स और उसकी उपयोगिता के बारे में बताया कि अब विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक विषय चुनने का अवसर है। प्रत्येक विद्यार्थी दूसरे संकाय का चयनित विषय पढ़ सकता है। इस दौरान शैलेष देवांगन की दो पुस्तक बेसिक इलेक्ट्रिकल स्किल, प्रैक्टिकल फिजिक्स का लोकार्पण किया गया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की प्रतिज्ञा की शपथ ली। इस दौरान डॉ.शैलेष देवांगन, अरविंद तिवारी, डॉ.विवेक कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सेन, डॉ.दिनेश शाक्य ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र दास सोनवानी और पल्लवी द्विवेदी ने किया।

### बोलेरो में मवेशियों की तस्करी वाहन छोडकर भागे तस्कर



**सीतापुर।** क्षेत्र में पशु तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। तस्कर बेखौफ होकर मवेशियों को वाहनों में भरकर उन्हें बूचड़ खाना लेकर जा रहे है। बीती रात भी मवेशियों से भरी बोलेरो वाहन के खराब होने पर तस्कर वाहन व मवेशियों को छोडकर फरार हो गए। वाहन में बंद पशुओं के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने मवेशियों को बाहर निकाला। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि पुरानी बस्ती क्षेत्र में बीती रात तस्कर बोलेरो वाहन में पशुओं को भरकर जा रहे थे। जैसे ही वो पुरानी बस्ती के निवासी जगदंबा गुप्ता के घर के पास पहुंचे तस्करों की गाड़ी खराब हो गई। तस्करों ने वाहन को ठीक करने का प्रयास किया लेकिन जब वाहन ठीक नहीं हुआ तो तस्कर वाहन को छोड़कर फरार हो गये। इधर वाहन में मवेशियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे जिसके बाद मवेशियों को सीट से बाहर निकाला गया। तस्करों ने मवेशियों को रस्सी से बांधकर वाहन में भरा था और वे हिल डुल नहीं पा रहे थे। वाहन से एक गाय और दो बैल को मुक्त कराया गया। इसके बाद स्थानीय गौसेवा दल ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। इस संबंध में गौ सेवक एवं पार्षद भवानी सिंह ने बताया कि थाने में अज्ञात पशु तस्करों के विरुद्ध सूचना दर्ज करा दी गई है। पुलिस ने पशु तस्करी में लिप्त वाहन को जब्त करते हुए थाने ले आई है।

## भवन की समस्या बनी बाधा

# एसजीजीयू ने शासन को भेजा 24 विषयों का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विवि ने शिक्षण विभाग के विस्तार की योजना बनाई है तथा शासन के रोजगार परक विभिन्न 24 विषयों का शिक्षण प्रारम्भ करने का प्रस्ताव भेजा है। विवि ने पिछले साल भी शासन को विभिन्न 24 विषयों का प्रस्ताव भेजा था। इस बार के प्रस्ताव में पिछले साल के विषयों में व्यापक बदलाव किया गया है।

**खास बात**
- उधार के भवन में हो रहा यूटीडी का संचालन

शासन द्वारा संत गहिरा गुरू विवि की स्थापना वर्ष 2008 में की गई थी। विवि की स्थापना होने के पूर्व से ही गुरूघासी दास विवि द्वारा जिला मुख्यालय में फार्मेसी एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग का संचालन किया जा रहा था। विवि की स्थापना होने के बाद गुरूघासी दास विवि ने दोनों संकायों के संचालन की जिम्मेदारी एसजीजीयू को सौंप दी। विवि द्वारा वर्ष 2011 में बायोटेक्नालॉजी एवं फार्म फारेस्ट्री विभाग का संचालन प्रारंभ किया गया। इसके बाद वर्ष 2014 में शिक्षण विभाग अंतर्गत प्रयोजन मूलक हिन्दी, विधि एवं पर्यावरण संकाय की पढ़ाई प्रारम्भ की गई। अभी तक विवि के भकुरा परिसर में भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है जिसके कारण शिक्षण विभाग का संचालन अभी भी उधार के भवनों में हो रहा है। समस्या होने के कारण कई बार भवनों को बदलना भी पड़ा। लम्बे समय तक अलग-अलग भवनों में विभागों का संचालन किया गया। वर्तमान में सभी विभागों का संचालन मणिपुर कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन में किया जा रहा है जहां एक-एक कमरे में विभागों का संचालन किया जा रहा है। शिक्षण विभाग के विस्तार की योजना को दूरस्थ सरगुजा अंचल के लिए अच्छी पहल साबित हो सकती है लेकिन विभिन्न 24 संकायों के संचालन के लिए जगह की व्यवस्था करना विवि प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। वर्तमान में शिक्षक विभाग में संचालित संकायों के लिए भी पर्याप्त जगह की व्यवस्था नहीं है ऐसे में नए संकायों के लिए भवन की व्यवस्था करना आसान नहीं है।

विवि ने अधूरे भवनों के निर्माण हेतु शासन को 20 करोड़ रूपए का प्रस्ताव भेजा है जिसकी स्वीकृति आगामी बजट में मिलने की संभावना जताई जा रही है। राशि स्वीकृति मिलने के बाद अधूरे भवनों का निर्माण पूरा होने में भी लम्बा समय लगने की संभावना है। हालाकि विवि के अधिकारी शैक्षणिक विभागों के लिए जगह की व्यवस्था करने तथा विभागों के संचालन में कोई समस्या नहीं होने का दावा कर रहे है।



एसजीजीयू के भकुरा परिसर में आधे-अधूरे भवन।

### इन विषयों की मांग

विवि द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजकर आर्यावर्त सांस्कृतिक संग्रहालय एवं अनुसंधान केंद्र, नाट्यशास्त्र, नाड़ी शास्त्र एवं परम्परागत चिकित्सा पद्धति, योग दर्शन, स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स फाइनेंस एवं डेवलपमेंट, ललित कला, सरल एण्ड ट्राइबल डेवलपमेंट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पत्रकारिता, एडवांस मैथमेटिक्स, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एण्ड बायोनिक्स, मिलिट्री साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एण्ड रोबोटिक स्टेंस, मनोविज्ञान, बायोकेमिस्ट्री, पुस्तकालय शिक्षण विभाग, शारीरिक शिक्षण विभाग, मैनेजमेंट स्टडी सेंटर, प्योर एण्ड अपलाएड स्टेटिकक्स, बायो फिजिक्स, इम्यूनोलॉजी, नैनो बायोलॉजी, स्टीम सेल एण्ड कैंसर बायोलॉजी एण्ड केमेस्ट्री विषय शामिल है।

### भवनों की कमी बड़ी समस्या

संत गहिरा गुरू विवि की प्रगति में भवनों की कमी बड़ी बाधा साबित हो रही है। लोनिवि ने ठेकेदारों के माध्यम से वर्ष 2018 में निर्माण शुरू कराया। ठेकेदारों ने बिलो रेट पर टेंडर तो ले लिया लेकिन समय पर काम पूरा नहीं कर पाए। विभाग बार-बार ठेकेदारों को एक्सटेंशन देकर किसी तरह उपलब्ध राशि का काम कराया। अत्यधिक समय लगने के कारण लागत मूल्य में वृद्धि होने के कारण निर्माण पूरा नहीं हो सका। शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई 24.90 करोड़ की राशि खर्च होने के बाद भी भवन अधूरे पड़े है। राशि के अभाव में विवि का प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक विभाग, लाइब्रेरी, गेस्ट हाउस, स्टाफ क्वार्टर, बालक छात्रावास, पुस्तकालय भवन एवं कुलपति आवास वर्षों से अधूरे पड़े है। ऑडिटोरियम, यूटिलिटी बिल्डिंग एवं कुलसचिव आवास का निर्माण पूरा हो गया है। वर्तमान में यूटिलिटी भवन में प्रशासनिक कार्यालय का संचालन किया जा रहा है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

विवि द्वारा शासन को शिक्षण विभाग अंतर्गत विभिन्न 24 विषयों का अध्यापन प्रारंभ करने का प्रस्ताव भेजा गया है। पाठ्यक्रमों के संचालन में भवन की बाधा आड़े नहीं आएगी। शासन की स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू



सीतापुर स्थित डाकघर।

# सिस्टम अपडेट के चक्कर में डाक सेवा हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

डाकघर में सिस्टम अपडेट की वजह से डाकसेवा बुरी प्रभावित हो गई है। रक्षाबंधन के पर्व के अवसर पर सेवा ठप्प होने से राखी समेत अन्य जरूरी पार्सल सेवा प्रभावित हो गया है।नगर में निजी कुरियर सेवा सीमित होने से लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। बहनों को राखी भेजने के लिए निजी कुरियर सेवा में लंबी लाइने लगानी पड़ रही है। राखी को लेकर बहनों को ये चिंता सताने लगी है कि समय पर राखी नहीं मिला तो कही भाइयों की कलाई सुनी न रह जाए। विदित हो कि नगर के डाकघर में सिस्टम अपडेट होने की वजह से डाकसेवा पूरी तरह प्रभावित हो गई और डाकघर में वीरानी छाई हुई है। 9 अगस्त को रक्षा बंधन मनाया जाना है और इसके पूर्व बड़ी संख्या में महिलाएं अपने भाइयों को राखी भेजने के लिए सुबह से डाकघरों पर पहुंचीं थीं लेकिन सिस्टम अपडेट होने के कारण डाकसेवा ठप होने की वजह से घंटों इंतजार के बाद भी उनका काम नहीं हो सका। कई लोग जरूरी दस्तावेज और पार्सल लेकर पहुंचे थे जिन्हें निराश लौटना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्र के डाकघरों में भी यही स्थिति देखने को मिली। डाककर्मियों का कहना है कि तकनीकी अपडेट की वजह से सिस्टम काम नहीं कर रहा।

- करक्षा बंधन से पहले राखी भेजना हुआ मुश्किल

विभागीय सूत्रों के अनुसार स्थिति सामान्य होने में दो से तीन दिन का समय लग सकता है। डाक सेवाओं के ठप होने का सीधा असर नगर के निजी कूरियर सेवाओं पर देखने को मिला। नगर के कई इलाकों में निजी कुरियर की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गई। लोगों ने स्पीड पोस्ट और रजिस्ट्री के लिए निजी कुरियर सेवा का विकल्प चुना। जिससे इन सेवाओं की मांग में अचानक तेजी आ गई। समय कम होने की वजह से भाइयों को राखी भेजने वाली महिलाओं की भीड़ यहां काफी देखने को मिल रही है। इस संबंध में डाकघर में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि सिस्टम अपडेट होने में दो से तीन दिन लग सकते हैं।

# सावन के अंतिम सोमवार को शिवपुर धाम में उमड़े कांवरिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर शिवपुर धाम पहुंची एवं पुष्पवर्षा कर कांवरियों का स्वागत किया। उन्होंने शिव मंदिर में रूद्राभिषेक पूजा की।

इस दौरान उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर शिवपुर धाम परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन विधायक श्रीमती पोर्ते के सौजन्य से किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम पोड़ी मोड़ में कांवरियों को स्वल्पाहार कराया गया। ग्राम हरिहरपुर, परमेश्वरपुर, मटिगढ़ा, गोंदा, मरहठा, दुरती, भैसामुंडा, केवरा, दरहोरा, पोड़ी मोड़, सरहरी, प्रतापपुर सहित अनेक गांवों के कांवरिया टोलियों का नेतृत्व शिक्षक करमचंद गुप्ता ने किया। डीजे की धुन पर नाचते-गाते कांवरिए बोल बम के जयकारें लगाते शिवपुर धाम पहुंचे तथा बाबा जलेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया।

### 6 वर्षों से फरार चल रही महिला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले में 6 वर्षों से फरार चल रही महिला को गिरफ्तार किया है। फरार महिला के खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर देवगढ़ निवासी विनीता बाई को आबकारी एक्ट की धारा 34 (ख) के तहत फरार चल रही महिला की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। महिला विगत छह माह से फरार चल रही थी। स्थाई वारंट की तामिली को लेकर दिए गए निर्देश के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर गौरव पाण्डेय, आरक्षक देवनाथ भगत, राम प्रसाद लकड़ा सक्रिय रहे।

### हर-हर महादेव...



अम्बिकापुर। श्रावण माह के अंतिम सोमवार को देवगढ़ धाम में जलाभिषेक करती मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व अन्य।



### वाटरशेड आर्गेनाइजेशन ने किया श्री विधि रोपाई का प्रदर्शन

**बिहारपुर।** वाटरशेड आर्गेनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा श्री विधि से धान की रोपाई करने का प्रदर्शन क्षेत्र में 100 किसानों के खेतों में किया। कार्यक्रम के तहत सभी किसानों को 1 किलो धान बीज, अम्बिका पैडी वीडर, पीला चिपचिपा ट्रैप उपलब्ध कराया गया। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि यह विधि धान की खेती की नवीनतम प्रभावी तकनीक है, जिससे धान की उत्पादकता में वृद्धि होती है साथ ही संसाधनों का बेहतर उपयोग होता है। यह विधि जलवायु अनुकूल है इस विधि से खेती में कम बीज एवं कम पानी लगता है तथा अधिक पैदावार होती है। खेती की लागत में भी कमी आती है संस्था द्वारा किसानों को श्री विधि द्वारा रोपाई का प्रशिक्षण दिया गया।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ भवन निर्माण हेतु किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



बहुप्रतिक्षीत गायत्री प्रज्ञा पीठ भवन निर्माण के लिए मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। अम्बिकापुर से पहुंचे उपजोन प्रभारी एसजे द्विवेदी , जीपी स्वर्णकार तथा श्रीमती शारदा द्विवेदी ने भूमि पूजन कराया। भूमिपूजन कार्यक्रम में यजमान की भूमिका नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, संतोष कुमार निवारी, नवीन अग्रवाल, अखिलेश निवारी ने सपत्नीक निभाई। इस दौरान गायत्री परिवार के ब्लाक समन्वयक शैलेन्द्र सिंह, महेश्वरी लाल उईके, श्रवण मिश्रा, राधिका शरण सिंह, देवेन्द्र निवारी, कमलेश शुक्ला, विमल भाई, वंशलाल, मोती लाल, प्राचार्य रजनीश प्रसाद सिंह, अनुजेश्वर पाण्डेय, लाल बहादुर गुप्ता, श्रीमती मनोरमा सिंह, श्रीमती आशा शुक्ला, श्रीमती कुन्ती पाण्डेय, श्रीमती पूजा मिश्रा, श्रीमती मुन्नी देवी, श्रीमती लक्ष्मी तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# डीएवी स्कूल में मनाया गया स्थापना दिवस बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में आज मंगलवार को विद्यालय का 35 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।गौरतलब है कि 5 अगस्त 1991 को डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर अपने अस्तित्व में आया था, विद्यालय की विकास यात्रा में अनेक मेहनती एवं होनहार विद्यार्थियों, अध्यापक-अध्यापिकाओं, अभिभावकों, संस्था प्रमुखों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति का योगदान रहा है।आयोजन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व डीएवी गान से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरजपुर एसएसपी प्रशान्त सिंह ठाकुर थे, अन्य विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह व श्रीमती शुभा पाठक, बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर एवं निर्णायक संगीत शिक्षक भटगांव राजेश जायसवाल,कीया घोष संगीत शिक्षिका डीएवी पब्लिक स्कूल पांडवपारा उपस्थित रहे जिनका प्राचार्य एचके पाठक द्वारा स्वागत किया गया।संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया, इस दौरान मुख्य अतिथि एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों की विविध क्षेत्रों के साथ स्पोर्ट्स में भी उनकी बेहतरीन उपलब्धियां निश्चित रूप से गौरव का विषय है। इसमें आपकी मेहनत के साथ-साथ अभिभावकों एवं गुरुजनों का आशीर्वाद भी शामिल होता है।डीएवी संस्था विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।वर्तमान समय में सोशल मीडिया में अपराध बढ़ते जा रहे हैं। इसके लिए सतर्कता और सुरक्षा बरतना अत्यावश्यक है।

प्राचार्य एचके पाठक ने कहा कि अपने स्थापना काल से लेकर अद्यतन विद्यालय सफलता की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श करता आ रहा है।विद्यालय ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद आदि क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में आज भी विद्यालय अग्रसर है।




कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

## वन विभाग ने जब्त किया एक ट्रक इमारती लकड़ी

# बेखौफ जारी है क्षेत्र में इमारती पेड़ों की कटाई का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

वन विभाग ने एक ट्रक इमारती लकड़ी जब्त किया है। तस्करों द्वारा अवैध रूप से सेमर पेड़ की कटाई कर लकड़ी तस्करी की जा रही थी। बता दें कि सरगुजा में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई करने के लिए यूपी, एमपी समेत अन्य स्थानों से अनेकों गैंग आकर सक्रिय हो गए है। तस्कर बेखौफ होकर पेड़ोंकी कटाई कर यूपी व अन्य राज्यों में खपा रहे है।

इस कारोबार में मोटी कमाई के कारण गिरोह के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है जिससे कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है और बड़ी घटना होने से टल गई। लकड़ी कटाई को लेकर बढ़ते जा रहे प्रतिस्पर्धा के बीच कई लकड़ी तस्कर सिस्टम का रुख अपना रहे है। तस्कर किसानों के माध्यम से एसडीएम कार्यालय में पेड़ कटाई की अनुमति के लिए आवेदन लगाते है। एसडीएम कार्यालय से अनुमति मिलने के बाद वो उसकी आड़ में हजारों पेड़ काट देते है। ग्रामीण जब जरूरत से ज्यादा काटे जा रहे पेड़ो पर आपत्ति दर्ज कराते है तब वो अनुमति दिखा उनका मुंह बंद करा दिया जाता है वही कुछ लकड़ी तस्कर गिरोह ऐसा है जो शासन प्रशासन के नियमों को धज्जियां उड़ाते हुए बिना अनुमति के ही पेड़ों की कटाई करा रहा है।




अवैध कटाई का विरोध करने वालो को वो धमका कर चुप कराया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला सब डिवीजन सीतापुर के वनक्षेत्र बतौली बिलासपुर के घुटरापारा में देखने को मिला जहां लकड़ी तस्करों ने शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बिना अनुमति के अवैध रूप से पेड़ो की कटाई करा दी। किसानों से सांठगांठ कर पेड़ो की अवैध कटाई के बाद लकड़ी तस्कर इसे खपाने उत्तरप्रदेश ले जाने की तैयारी में थे इस बात की भनक ग्रामीणों को लगने के बाद उन्होंने वन विभाग को इससे अवगत कराया सूचना के बाद वन विभाग का अमला घेराबंदी कर बिना अनुमति काटे गए लकड़ी को उत्तरप्रदेश खपाने ले जा रहे वाहन समेत जब्त कर लिया। इस संबंध में एसडीओ वन प्रेमचंद मिश्रा ने बताया कि वाहन में लोड लकड़ी सेमर प्रजाति का है। जिसे बिना अनुमति के कटवाया गया था। इस बात की सूचना मिलने के बाद उक्त वाहन को लकड़ी समेत जब्त किया गया है।




# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

लाइफ Style



# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागद्दा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्द पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।


## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।



# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।




### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये?** : इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।

***देश की पहली जुबली गर्ल :*** ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंडस्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

***नई दिल्ली।** नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज़ नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार** : सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंटस फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा** : मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के



दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**अरबिया कदली** : अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन** : मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैंप 12 को रोजगार की राह खोलेगा

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरिया द्वारा 12 अगस्त को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा, जो प्रातः 11 से सायं 4 बजे तक चलेगा। इस कैंप में मेसर्स सीजी स्किल फाउंडेशन (सूरजपुर) द्वारा प्रोडक्शन सहायक के 25 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, डिप्लोमा और एमबीए निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को 16 हजार से 20 हजार रूपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है और नियुक्ति की शर्तों की पूर्ण जिम्मेदारी नियोजक संस्था की होगी।

### कोयलांचल में मिठाइयों में मिलावट जोरों पर

बिजुरी। त्योहारों के आगमन के साथ ही कोयलांचल क्षेत्र में मिलावटी मिठाइयों का कारोबार एक बार फिर तेजी से पनपने लगा है। बिजुरी नगर की बेकरी, होटल और डेयरियों में घटिया गुणवत्ता वाले खोवा और अन्य दुग्ध उत्पादों से मिठाईयां तैयार कर खुलेआम बेची जा रही हैं। इन मिलावटयुक्त खाद्य सामग्री के सेवन से जहां नागरिकों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है, वहीं फूड प्वाइजनिंग, पीलिया, उल्टी-दस्त जैसी गंभीर बीमारियों का अंदेशा भी बना हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जिला खाद्य सुरक्षा विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि विभाग की चुप्पी और निरीक्षण में लापरवाही कहीं न कहीं इस गोरखधंधे को बढ़ावा दे रही है। पूर्व में नगर की एक प्रतिष्ठित मानी जाने वाली जोधपुर स्वीट्स बेकरी पर भी इस प्रकार की शिकायत सामने आ चुकी है, जहां एक ग्राहक को नकली केक दिए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### स्वच्छता के संग अभियान 15 तक

अनूपपुर। 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विषय पर आधारित अभियान 8 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। जानकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि अभियान सामूहिक उत्सव और नागरिक कर्तव्यों की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जिससे स्वच्छ और सुजल गांव की अवधारणा को स्वतंत्रता की भावना से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री की प्रभावी वास (वॉटर, सैनिटेशन एंड हाइजीन) की संकल्पना को आगे बढ़ाया जाएगा। ताकि सतत स्वच्छता, सुरक्षित जल आपूर्ति और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वच्छता को सुनिश्चित किया जा सके।

### निःशक्त बच्चों को मिली ट्राई साइकिल



अम्बिकापुर। लुण्ड्रा विकासखण्ड के पहाड़पारा चितरपुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के निःशक्त बच्चों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज वर्मा ने बताया कि विगत दिनों पूर्व सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर द्वारा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान शारीरिक रूप से अक्षम एवं कुपोषित बच्चों को ट्राई साइकिल देने का निर्देश दिया गया था। कलेक्टर के निर्देश पर पहाड़पारा चितरपुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के पात्रधारी दो बच्चों प्रिंस गुप्ता एवं आयुष गुप्ता का चयन किया गया है। इन बच्चों को जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा के मार्गदर्शन में आज विधायक प्रतिनिधि जयंत मिंज, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक सिंह पावले एवं सरपंच, उपसरपंच की उपस्थिति में ट्राई साइकिल का वितरण किया गया।

## स्तनपान शिशु को हर रोग से लड़ने में बनाएगा सक्षम

# न्यू लाइफ में विश्व स्तनपान सप्ताह पर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर




न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह पर इस वर्ष पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्वास्थ्य शिक्षा का आयोजन जिला अस्पताल बैकुंठपुर में किया गया। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह का थिम प्रायोरिडिस ब्रेस्टफीडींग क्रियेट सस्टेनेबल सपोर्ट सिस्टम अर्थात स्तनपान को प्राथमिकता दे स्थायी सहायता प्रणालियां बनाए है। इसका तात्पर्य स्तनपान को सभी मां के लिए आसान बनाना है।

प्रत्येक वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त तक मनाया जाता है, इसका उद्देश्य महिलाओं को स्तनपान के कार्य को दृढ़तापूर्वक करने का समर्थन करता है। स्तनपान शिशु को हर रोग से लड़ने के लिए सक्षम करता है। यह एक कम वसा एवं उच्च प्रोटीन वाला दूध है जो नवजात शिशु की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। मां का दूध शिशु की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक होता है। इस वर्ष स्तनपान सप्ताह पर संस्था में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीएससी नर्सिंग समस्त सेमेसटर के छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। जिला अस्पताल बैकुंठपुर में समस्त सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा स्तनपान कराने वाली नई माताओं को स्तनपान एवं उसके महत्व के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से जानकारी दी गई। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती प्रमिला सिंह एवं नर्सिंग ट्यूटर सुश्री सुधालता के द्वारा प्राचार्या डॉ. अंजना सैम्युअल के मार्गदर्शन व सभी शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया।

### वनांचल गांव वंशीपुर में लगा स्वास्थ्य शिविर




बैकुण्ठपुर। कलेक्टर के निर्देश पर जिला आयुष अधिकारी कोरिया के द्वारा जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत दुरस्थ वनांचल ग्राम नवाटोला ,बंशीपुर में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। शिविर में आयुष विभाग भैंसवार के डॉ.बीके गुप्ता एवं अमित पुरोहित के द्वारा शिविर में मरीजों की जांच की गई एवं उन्हें औषधि प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार उक्त शिविर में 82 मरीजों की जांच कर उपचार दी गई। साथ ही शिविर में आने वाले लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव की भी जानकारी दी गई तथा आयुर्वेद को अपनाने लोगों को प्रेररित किया गया। आयोजित शिविर को सफल बनाने में ग्राम पंचायत के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का सहयोग रहा।

### संसाधन और सुविधा का हो समुचित उपयोग

बैकुण्ठपुर। कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित परामर्शदात्री बैठक में बुधवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों और अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी समय, संसाधन और सुविधा का समुचित उपयोग करते हुए शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन मामलों, समयमान वेतन, वरिष्ठता सूची और वर्दी भत्ता जैसे मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखें और शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली में सभी कर्मियों को कार्य करने के निर्देश दिए। ई ऑफिस में कार्य करने व किसी अन्य तरह की दिक्कत होने पर डीआईओ सुखदेव पटेल से संपर्क कर समाधान प्राप्त करने को कहा। उन्होंने सभी कर्मियों को समय पर कार्यालय पहुंचने पर भी विशेष जोर दिया। संघ के पदाधिकारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को कलेक्टर ने गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाया। बैठक में अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, डिप्टी कलेक्टर उमेश पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 57 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरों के किनारे होगा ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

आजादी का पर्व इस वर्ष कोरिया जिले में और अधिक सार्थक बन रहा है। भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले के 57 अमृत सरोवरों के तटों पर आगामी 15 अगस्त को ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस संबंध में सभी संबंधित ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत निर्मित अमृत सरोवर अब ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक सहभागिता, आजीविका उन्नयन और पर्यावरण संरक्षण का केन्द्र बनते जा रहे हैं। इन सरोवरों से नागरिकों को जहां निस्तार और सिंचाई की सुविधा मिली है, वहीं स्व-सहायता समूह की महिलाएं मत्स्य पालन जैसे कार्यों से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि ध्वजारोहण कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के विशिष्ट नागरिक, जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, युवा, स्कूली छात्र और आम नागरिक सहभागिता करेंगे।

### तिरंगा यात्रा और रचनात्मक प्रतियोगिताएं भी होंगी

जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने जनपद पंचायतों को इन समारोहों के अंतर्गत तिरंगा यात्रा, चित्रकला, निबंध, कविता एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान और पौधरोपण जैसी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

### मोर तिरंगा मोर अभियान के लिए जिला व मंडल संयोजक नियुक्त

मनेन्द्रगढ़। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोर तिरंगा मोर अभियान, हर घर तिरंगा तथा तिरंगा यात्रा के सफल संचालन के लिए प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिले व मंडल स्तर पर संयोजकों व सदस्यों की नियुक्ति की गई है। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राम चरित द्विवेदी ने बताया कि भाजपा एमसीबी जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले द्वारा जारी आदेश में लखन श्रीवास्तव को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है, जबकि जिला सदस्यों के रूप में विधायक रेणुका सिंह, अभय शंकर जायसवाल एवं पवन शुक्ला को जिम्मेदारी दी गई है। मंडलवार नियुक्तियां भी की गई है। मनेन्द्रगढ़ मंडल में संयोजक जयंतीलाल यादव, सदस्य सुनैना विश्वकर्मा, गुरुजीत सिंह खनूजा, हसदेव मंडल में संयोजक शलेन्द्र राय, सदस्य वीरेन्द्र सिंह राणा, नीलू राजपूत व चिरमिरी मंडल संयोजक धर्मेन्द्र त्रिपाठी, सदस्य नरेन्द्र साहू, सुनीता सिंह को दायित्व दिया गया है। खड़गवां मंडल संयोजक रामप्रताप गुप्ता सदस्य जया मरावी, सत्येन्द्र साहू, नागपुर मंडल संयोजक उदल जायसवाल, सदस्य मालती सिंह, दिनेश यादव, केल्हारी मंडल संयोजक दृगपाल सिंह, सदस्य शिव कुमार भारती, आशा देवी पाव को जिम्मेदारी दी गई है। इसीक्रम में जनकपुर मंडल संयोजक मणि प्रसाद पांडेय, सदस्य यशवंती सिंह, आदित्य गुप्ता, कुंवारपुर मंडल संयोजक माधव सिंह, सदस्य हीरालाल मौर्य, राजकुमारी बैगा व कोटाडोल मंडल संयोजक रामसकल सिंह व सदस्य सुभाष सिंह, कलावती सिंह को दायित्व दिया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी अस्मिता, स्वतंत्रता और राष्टीय गौरव का प्रतीक है। इस अभियान के माध्यम से हम हर घर तक देशभक्ति की भावना पहुंचाना चाहते हैं। सभी संयोजकों व सदस्यों से अपेक्षा है कि वे निष्ठा और उत्साह से कार्य करें और इस राष्टव्यापी अभियान को जन आंदोलन में बदलें।

# वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देता आकांक्षा हाट अब रक्षाबंधन तक

बैकुण्ठपुर। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा आकांक्षी विकासखंडों की समग्र प्रगति के लिए संचालित संपूर्णता अभियान के अंतर्गत बैकुंठपुर विकासखंड़ में हाल ही में आयोजित संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के अवसर पर आरंभ हुआ आकांक्षा हाट अब रक्षाबंधन 9 अगस्त तक जारी रहेगा।

पहले केवल तीन दिवस के लिए प्रस्तावित इस विशेष प्रदर्शनी और व्यावसायिक मेले को स्थानीय नागरिकों की उत्साही भागीदारी और भारी बिक्री को देखते हुए विस्तार दिया गया है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के समीप कोरिया मिलेट्स कैफे के सामने आयोजित इस हाट में जिले के महिला स्व-सहायता समूहों, किसानों, स्थानीय उद्यमियों और कलाकारों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है।

हाट में विशेष रूप से बिहान समूहों की महिलाएं द्वारा तैयार कोरिया मोदक, सोन हनी (शहद), अचार, मसाले, राखियां, पापड़-बड़ी, तथा मिलेट्स से बने व्यंजन और मिठाइयां प्रमुख आकर्षण बने हुए हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र कोरिया और एफएफओ से जुड़े किसानों द्वारा उत्पादित सुगंधित चावल, मूंगफली तेल, दालें, साबुन, एसेंशियल ऑयल और वन विभाग केसंजीवनी उत्पाद भी उपभोक्ताओं को खूब भा रहे हैं। अब तक महिला समूहों को इस हाट से 1 लाख 50 हजार रूपए से अधिक की आय हो चुकी है। उत्पादों की गुणवत्तापूर्ण प्रस्तुति और पारंपरिकता ने उपभोक्ताओं को आकर्षित किया है, जिससे मांग लगातार बढ़ रही है। वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करता यह हाट स्थानीय स्तर पर रोजगार, आयवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 19 खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा



मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले की टीम ने अंबिकापुर में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में गतका और योगा खेलों में जिले के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया। गतका खेल में कुल 9 प्रतिभागियों में से 7 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर जिले को गौरवान्वित किया।

वहीं योगा स्पर्धा में 19 प्रतिभागियों में से 12 खिलाड़ियों ने चयन हासिल कर यह साबित किया कि जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अब ये खिलाड़ी आगामी 10 सितंबर से राजनांदगांव में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि पर जिले के समस्त खेल अधिकारी-कर्मचारी, कोच, प्रबंधक तथा प्रतियोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को तैयार करने तथा मार्गदर्शन प्रदान करने में रणधीर ठाकुर, पूरन कश्यप, श्रीमती सुनीता मिश्रा, कर्मेन्द्र साहू, महेश साहू, नीरज ठाकुर, श्रीमती सुनीता यादव, अनीता तिर्की, विवेक तिवारी एवं विजय मार्को का विशेष योगदान रहा।

# बिजली पर छूट बंद करना जनता पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




प्रेसवार्ता को संबोधित करते कांग्रेसी

शहर के राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय बैकुंठपुर में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस ने छग की साय सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना को लगभग समाप्त करने के निर्णय को जनता पर सीधा हमला बताया।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया गया कि अब केवल 100 यूनिट तक की खपत पर ही बिल हॉफ किया जाएगा, जिससे प्रदेश के लाखों उपभोक्ता इस राहत से वंचित हो गए हैं। 100 यूनिट से अधिक बिजली उपयोग करने वालों को न केवल पूरा बिल भरना होगा, बल्कि उन्हें पहले 100 यूनिट पर मिलने वाली छूट भी नहीं मिलेगी। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई योजना का लाभ लगभग 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिल रहा था, इससे हर उपभोक्ता को 5 साल में औसतन 40 से 50 हजार रूपए की बचत हुई थी। पुराने प्रावधान के तहत 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल हॉफ किया जाता था, जिससे अधिकांश उपभोक्ताओं को राहत मिलती थी। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बीते डेढ़ वर्षों में साय सरकार ने चार बार बिजली दरें बढ़ाईं, घरेलू, गैर-घरेलू, और कृषि सभी वर्गों पर भार डाला गया है। 80 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि की जा चुकी है, इसके अलावा भाजपा सरकार के दौरान बिजली कटौती, लो वोल्टेज और अनियमित आपूर्ति आम हो गई है, जबकि कांग्रेस शासन में 24 घंटे बिजली की गारंटी दी जाती थी। पत्रकार वार्ता में यह भी कहा गया कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बिजली उत्पादन की लागत बढ़ी है और उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है।

# स्काउट्स एवं गाइड्स साहसिक शिविर

मनेन्द्रगढ़। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से साहसिक प्रशिक्षण संस्थान सिरपुर ग्राम जलकी जिला महासमुंद में पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर 28 से 31 जुलाई तक आयोजित की गई। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी सह पदेन जिला आयुक्त स्काउट आरपी मिरे के आदेशानुसार,राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट दान बहादुर सिंह के नेतृत्व में एमसीबी जिला के तीनों विकासखंड खड़गवां, मनेन्द्रगढ़, भरतपुर से 15 स्काउट 15 गाइड एवं प्रभारी गाइडर सुमित्रा यादव के साथ सम्मिलित हुए।

# हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए लगेंगे शिविर

बैकुण्ठपुर। सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश के पालन को सुनिश्चित कराने के लिए जिला परिवहन विभाग द्वारा जिला परिवहन कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया है।

■ एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगवाने वाले वाहन स्वामियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

उन्होंने बताया कि 11 एवं 12 अगस्त को विकासखंड़ सोनहत के ग्राम बुडार, 13 एवं 14 अगस्त को कटगोड़ी चौक, 16 अगस्त को विकासखंड़ बैकुंठपुर के ग्राम मझगवां, 18 एवं 19 अगस्त ग्राम इंदरपुर पंचायत, 20 एवं 21 अगस्त अमरपुर, 22 एवं 23 अगस्त कटोरा, 25 एवं 26 अगस्त को नगर पंचायत पटना, 27 एवं 8 अगस्त को डुमरिया एवं 29 एवं 30 अगस्त को चिरगुड़ा राजवाड़े भवन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से वाहन मालिक आरसी, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ निर्धारित शुल्क जमा कर एचएसआरपी की बुकिंग एवं फिटमेंट करवा सकते हैं। जिन वाहन स्वामियों का मोबाइल नंबर आरसी में अपडेट नहीं है, वे मौके पर ही मोबाइल नंबर भी अपडेट करवा सकेंगे। जिला परिवहन अधिकारी अनिल भगत ने जानकारी दी है कि दोपहिया वाहन के लिए 365.80 रूपए, तिपहिया वाहन के लिए 427.16 रूपए, हल्के मोटरयान के लिए 656.80 रूपए और भारी वाहन के लिए 705.64 रूपए शुल्क निर्धारित की गई है।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगवाने वाले वाहन स्वामियों पर भविष्य में कड़ी कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें जुर्माना भी शामिल है। ऐसे में वाहन मालिकों से अपील की गई है कि वे इस शिविर का लाभ उठाएं और समय रहते अपने वाहनों पर एचएसआरपी प्लेट लगवाएं। एचएसआरपी की बुकिंग जिले में स्थापित परिवहन सुविधा केन्द्र, चॉइस सेंटर या परिवहन विभाग की वेबसाइट के माध्यम से भी की जा सकती है।

## बिजनेस न्यूज

# एचएफ डीलक्स को मिला नया आयाम, डीलक्स प्रो लांच



बैकुण्ठपुर। देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी बहुप्रशंसित बाइक एचएफ डीलक्स का नया व आधुनिक संस्करण एचएफ डीलक्स प्रो लांच कर दिया है। यह बाइक आधुनिक भारतीय उपभोक्ता की जरूरतों और पसंद को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जो न सिर्फ किफायती है बल्कि तकनीकी रूप से उन्नत भी है।

स्थानीय डीलर आरके हीरो के संचालक सुधीर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि, एचएफ डीलक्स पहले से ही लोगों की पसंदीदा बाइक रही है। अब डीलक्स प्रो के जरिए इसे नया डिजाइन, एडवांस फीचर्स और बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी के साथ एक नई पहचान दी गई है। यह बाइक आज के समझदार और आत्मनिर्भर भारतीय राइडर के लिए एक आदर्श विकल्प है। एचएफ डीलक्स प्रो की एक्स-शोरूम कीमत 71,150 रूपए रखी गई है। यह बाइक अब हीरो मोटोकॉर्प के सभी डीलरशिप्स पर उपलब्ध है। हीरो की ब्रांड फिलॉसफी नए इंडियन की डीलक्स बाइक के तहत यह नई पेशकश रोजमर्रा की यात्रा को आसान, सुरक्षित और स्टाइलिश बनाने की दिशा में एक और कदम है।

Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26
बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय)
12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का
सुनहरा अवसर
शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No.
08068890538 (24X7)
हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थान: जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना | रीजनल हॉस्पिटल चरचा

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411